(Rs. in lakh)

State	Year	
	1993-94	1994-95 (upto Dec.' 94)
Andhra Pradesh	15.13	71.53
Bihar	9.45	7.24
Orissa	77.36	47 22
Uttar Pradesh	30.87	5 64
West Bengal	21.02	42.48

बिहार में अकालग्रस्त और अभावग्रस्त जिले

4875. **श्री आस मोहम्मद** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार में अकालग्रस्त तथा अभावग्रस्त क्षेत्र के रूप में घोषित जिले कौन-कौन से हैं; और

(ख) इन क्षेत्रों में किए गए राहत कार्यों का ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविंद नेताम) : (क) बिहार सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, राज्य में कोई भी क्षेत्र सूखा प्रभावित घोषित नहीं किया गया है ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

रोग प्रवण विदेशी संकर/नस्लें

4876. **श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विदेशी/संकर नस्लों में जल्दी बीमारियां लगती हैं ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा क्या प्रयास किये गये हैं ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम) : (क) जी, हां ।

(ख) ये जानवर उन देशों से होते हैं जहां भारत के पशुओं में पाए जाने वाले रोग नहीं होते। मूल देशों में न पाए जाने तथा उनकी आनुवंशिक बनावट ने उनमें इन रोगों को सहन करने की शक्ति नहीं होती ।

(ग) भारत में खुरपका तथा मुहंपका रोग पशुप्लेग, ब्लेक क्वार्टर, रक्तस्रावी पूतिरक्तता आदि जैसे प्रमुख रोगों से विदेशी/वण संकर पशुओं की रक्षा करने के लिए एक व्यापक स्वास्थ्य देखभाल का कार्यक्रम चल रहा है। देश पर्याप्त मात्रा में टीकों का उत्पादन भी कर रहा है जो फार्म स्तर पर प्रयोग के लिए उपलब्ध है ।

Impact of new Economic Policy on Agriculture

4877. SHRI S. AUSTIN: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether Governments attention has been drawn to the news-item appearing in Jansatta of 23rd February, 1995 regarding impact of New Economic Policy on Agriculture; and

(b) if so, the details thereof and the reaction of Government thereto?